सुविधा केन्द्र या अन्य के माध्यम से ऑन लाईन आवेदन करने वाले उम्मीदवारों हेतु विशेष निर्देश

स्वयं घर से या साइबर कैफे या सुविधा केन्द्र के माध्यम से अथवा अन्य किसी तरीके से ऑन लाईन आवेदन करने पर ऑन लाईन आवेदन में की गई समस्त प्रविष्टियों के लिए संबंधित उम्मीदवार स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सुविधा केन्द्र या अन्य के माध्यम से ऑन लाईन आवेदन करने पर सुविधा केन्द्र प्रतिनिधि या अन्य द्वारा की गई प्रविष्टियों के लिए उम्मीदवार/आवेदन कर्ता स्वयं जिम्मेदार होंगे अतः सुविधा केन्द्र या अन्य के माध्यम से ऑन लाईन आवेदन करने हेतु उम्मीदवार यथा संभव स्वयं उपस्थित होकर अपनी निगरानी में ऑन लाईन आवेदन की प्रविष्टियां करवाने का प्रयास करें, इससे ऑन लाईन आवेदन में होने वाली त्रुटियों से बचा जा सकता है।

जो उम्मीदवार सुविधा केन्द्र/साईबर कैफे के माध्यम से आवेदन करना चाहते हैं वे निम्न बॉक्स में निर्धारित स्थान पर उम्मीदवार का पासपोर्ट साईज का फोटो चिपकाकर निचले बॉक्स में उम्मीदवार के हस्ताक्षर युक्त यह पृष्ठ आवेदन के समय साथ रखें।

इस बॉक्स के अंदर आवेदक निर्देशानुसार खिचवाया हुआ पासपोर्ट आकार का सुस्पष्ट फोटो चिपकायें तथा निचले बॉक्स से काले बॉल पॉइंट पेन से स्पष्ट हस्ताक्षर इस प्रकार करें कि हस्ताक्षर का कोई भी हिस्सा बॉक्स के बाहर न जाए

इस बॉक्स में हस्ताक्षर करें

टीपः-

1. ऑनलाइन आवेदन हेतु प्रयुक्त किए जाने वाले आवेदक के फोटोग्राफ संबंधी निर्देश :- आवेदक ऑनलाइन आवेदन हेतु दिनांक 28/12/2011 या उसके बाद की तिथि में खिचवाया हुआ पासपोर्ट साइज का फोटो अपने पास रखें। फोटो का बैकग्राउन्ड सफेद होना चाहिए तथा फोटो में अभ्यर्थी की दोनों आंखें स्पष्ट दिखाई देनी चाहिए। फोटो के निचले हिस्से पर अभ्यर्थी का नाम तथा फोटो खिचवाने की तिथि फोटोग्राफर द्वारा प्रिंट की हुई होनी चाहिए।
2. आवेदक ऑनलाइन आवेदन करने के पूर्व उक्त बॉक्स में निर्धारित बाक्स के अंदर अपना नवीनतम पासपोर्ट साईज का फोटो चिपकाकर फोटो के नीचे हस्ताक्षर हेतु निर्धारित बॉक्स के अंदर काले बॉल पॉइन्ट पेन से इस प्रकार हस्ताक्षर करें कि वह स्पष्ट हो तथा हस्ताक्षर का कोई हिस्सा बॉक्स के बाहर न जाए। यदि आवेदक सुविधा केन्द्र के माध्यम से आवेदन करना चाहे तो फोटो व हस्ताक्षरयुक्त उक्त पेज सुविधा केन्द्र संचालक को स्केन हेतु प्रदान कर स्केन पश्चात वापस ले लें। यदि आवेदक स्वयं आवेदन करना चाहे तो फोटो व हस्ताक्षरयुक्त उक्त पेज को इस प्रकार स्केन करें कि स्केन की हुई इमेज में फोटो तथा हस्ताक्षर हेतु निर्धारित बॉक्स को कन्टेन/समाहित करने वाले बॉक्स के बाहर का हिस्सा स्केन न हो। उक्त प्रकार स्केन की हुई इमेज को jpg फारमेट में save करें। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि स्केन की हुई इमेज का साईज 50kb से अधिक न हो।

उम्मीदवार ऑन लाईन आवेदन करते समय निम्न जानकारियां भी साथ रखें । उम्मीदवार अच्छी तरह जांच ले कि समस्त जानकारियां पूर्णतः सत्य एवं वैध हैं।

1. उम्मीदवार का नाम, सरनेम तथा उम्मीदवार के पिता/पति व माता का नाम।
2. उम्मीदवार की जन्मतिथि।
3. यदि उम्मीदवार विवाहित है तो

   a. विवाह तिथि,
   b. जीवित बच्चों की संख्या (लागू होने पर)
   c. अंतिम बच्चे की जन्मतिथि (लागू होने पर)
4. उम्मीदवार का प्रवर्ग तथा जाति (अनारक्षित प्रवर्ग को छोड़ शेष प्रवर्ग के उम्मीदवारों हेतु)

5. यदि उम्मीदवार विकलांग है तो
   a. विकलांगता का प्रकार,
   b. विकलांगता का प्रतिशत(लागू होने पर)
6. उम्मीदवार से संबंधित अन्य जानकारियां जो लागू हो, जैसे–विधवा/परितक्यता होने, ग्रीन कार्ड धारी होने, शासकीय सेवक होने, सेवा से पृथक किए जाने, कोई आपराधिक प्रकरण लंबित अथवा सिद्व होने किसी परीक्षा अथवा चयन से विवर्जित किए जाने, अंर्तजातीय विवाह प्रोत्साहन हेतु पुरस्कृत होने, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुरस्कृत होने, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से पुरस्कृत होने व प्रत्यावर्तन इत्यादि।

7. शासकीय सेवक के मामले में वह तिथि जब उम्मीदवार ने नियोक्ता अधिकारी को सूचित करते हुए अनापत्ति प्रमाण–पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था।

8. उम्मीदवार के भूतपूर्व सैनिक, होमगार्ड, शिक्षाकर्मी अथवा छटनी किया गया शासकीय सेवक होने की स्थिति में माह में सेवा अवधि।

9. उम्मीदवार से संबंधित हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी, स्नातक, स्नातकोत्तर व अन्य परीक्षाओं संबंधी निम्न जानकारियां–
   a. उपाधि का नाम (स्नातक व स्नातकोत्तर)
   b. विषय
   c. पूर्णांक
   d. प्राप्तांक
   e. श्रेणी अथवा ग्रेड
   f. बोर्ड /संस्थान/विश्वविद्यालय का नाम
   g. उत्तीर्ण वर्ष
   h. रोल नंबर
10. उम्मीदवार द्वारा की गई सेवाओं/कार्य अनुभव (यदि कोई हो) से संबंधित निम्न विवरण
   a. धारित पद
   b. नियोजक का नाम एवं कार्यालय का पता
   c. सेवा अवधि प्रारंभ होने का दिनांक
   d. सेवा अवधि समाप्त होने का दिनांक (कार्यरत होने की स्थिति में आवेदन करने की तिथि प्रविष्ट करें।)
   e. पद छोड़ने का कारण
   f. अनुभव प्रमाण पत्र का क्रमांक
11. उम्मीदवार का पत्राचार का पता एवं स्थाई पता
   a. पता
   b. तहसील/शहर
   c. जिला
   d. राज्य
   e. पिनकोड
12. उम्मीदवार का मोबाईल नंबर तथा ई–मेल एड्रेस (यदि हो तो)

उक्त के अतिरिक्त ऑन लाईन आवेदन संबंधी अन्य सामान्य जानकारियां भी सुविधा केन्द्र द्वारा मांगी जा सकती है।